Request to provide stoppage of train at Bilhor Railway Station

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख):** धन्यवाद सभापति महोदय । मेरे मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में जनता द्वारा बिल्होर स्टेशन पर लगातार रेलगाड़ी के स्टॉपेज की मांग की जा रही है। ट्रेन संख्या 14151-14152 कानपुर-आनंद विहार एक्सप्रेस, 19409-19410 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस, 22443-22444 कानपुर-बांद्रा एक्सप्रेस और 05305-05306 कानपुर-अनवरगंज-लाल कुंआ स्पेशल ट्रेन के स्टॉपेज की मांग लगातार की जा रही है। इन ट्रेनों का स्टॉपेज बिल्होर स्टेशन पर किया जाए। साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के अंतर्गत संडीला स्टेशन पर भी 13307-13308 किसान मेल और साथ ही 13005-13006 पंजाब मेल एक्सप्रेस के भी ठहराव की लगातार जनता द्वारा मांग की जा रही है। मैंने माननीय मंत्री जी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस बारे में निवेदन भी किया है। मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि संदर्भित रेलवे स्टेशनों पर इन ट्रेनों के अप-डाउन ठहराव हेतु स्वीकृति प्रदान करने की कृपा की जाए।